# अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका : मुख्यमंत्री

## बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सहकार से समृद्धि की भावना के साथ समाज के कमजोर वर्ग को सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारे गांवों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना कर रही है।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को सशक्त एवं समृद्ध बनाए जाने में सहकार आन्दोलन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस हेतु राज्य सरकार राजस्थान सहकारिता अधिनियम 2001 को वर्तमान परिपेक्ष्य में प्रासंगिक बनाने के लिए नवीन कॉपरेटिव कोड लेकर आएगी। इसके लिए गठित एक समिति ने सहकारी आंदोलन में अग्रणी महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल जैसे राज्यों का दौरा कर वहां के सहकारी कानूनों का व्यवहारिक अध्ययन भी किया है।श्री शर्मा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बजट 2024-25 की अनुपालना में 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया है। इससे राज्य के 35 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं। बजट 2025-26 में भी25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरण की घोषणा की गई है।

शर्मा ने सहकारिता विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनका समयबद्ध रूप से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के भण्डारण की क्षमता में वृद्धि करने के लिए 150 ग्रामसेवा सहकारी समितियों में 100 से 500 मेट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण कराया जा रहा है। इन गोदामों में कृषि उत्पादों का योजनाबद्ध ढंग से भण्डारण सुनिश्चित हो, ताकि इनका अधिकतम उपयोग लिया जा सके। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य के 1 लाख गोपालक परिवारों को गोपाल क्रेडिट कार्ड के तहत 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। बजट 2025-26 में इन परिवारों की

- ‘सहकार से समृद्धि की भावना के साथ कमजोर वर्ग का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता’

संख्या बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार कर दी गई है। साथ ही, इस बजट में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत दी जाने वाली राशि को भी बढ़ाकर आगामी वर्ष से 9 हजार प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान राज्य सहकारी क्रय विक्रय संघ लि0 की ओर से खरीफ सीजन 2024 में दलहन और तिलहन जैसे मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन की 4 हजार 700 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद की गई, जिसमें मूंगफली की 4 लाख 38 हजार 800 मेट्रिक टन से भी अधिक की रिकॉर्ड खरीद की गई।साथ ही, रबी सीजन 2025-26 के लिए सरसों और चने की खरीद हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पर्याप्त प्रचार-प्रसार कर किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाए। पात्र किसानों को सहकारी बैंकों के द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों और ग्रामीणों के अधिक से अधिक बचत खाते सहकारी बैंकों में खुलें।

समीक्षा बैठक में सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने विभाग की उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को साकार करने में राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में है।

बैठक में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, शासन सचिव पशुपालन समित शर्मा, प्रबंध निदेशक राजफेड टीकम चन्द बोहरा, प्रबंध निदेशक आरएसएलडीबी जितेन्द्र प्रसाद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 416 महिला पर्यवेक्षक के पदों पर नियुक्ति के आदेश

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं द्वारा 416 महिला पर्यवेक्षक के पदों परनियुक्ति के आदेश जारी किये गए हैं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। विभाग में कार्मिकों की कमी नहीं होने से कार्य सुगमता से होंगे। जिससे महिला एवं बाल विकास की योजनाओं से आमजन सरलता और सुगमता से लाभान्वित हो सकेंगे। निदेशक आईसीडीएस ओ पी बुनकर ने बताया कि विभाग में 416 कार्मिक की पोस्टिंग मिली है। जिसमें से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटे से 216 कार्यकर्ताओं की महिला पर्यवेक्षक के रूप में भर्ती की गई हैं।




भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्म कल्याणक महोत्सव ( महावीर जयंती महोत्सव ) के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में जयपुर में 10 अप्रैल को आयोजित होने वाले महावीर जयंती समारोह के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया।

# खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन फसली ऋणों की भुगतान तिथि बढ़ाई

**जयपुर।** राज्य सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए खरीफ-2024 में वितरित अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋणों की अदायगी तिथि आगे बढ़ाने की स्वीकृति दे दी है। राज्य सरकार के इस निर्णय से 2.19 लाख से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि इस सम्बन्ध में वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा पैक्स/लैम्प्स के माध्यम से खरीफ-2024 में ऋण प्राप्त करने वाले किसान अब 30 जून, 2025 अथवा ऋण लेने की दिनांक से 12 माह, जो भी पहले हो, ऋण राशि चुका सकेंगे। पूर्व में ऋण चुकाने की अवधि 31 मार्च, 2025 निर्धारित थी, जिसे आगे बढ़ाने की मांग की जा रही थी।

- 2.19 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से सचिवालय में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के पार्षद के साथ अन्य लोगों ने मुलाकात कर उनके द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो के लिए उनको गुलदस्ता देकर धन्यवाद दिया।

# 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विचाराधीन 18 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए कुल 21 अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की है।

शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 के तहत कुल 5 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति जारी की तथा 4 अधिकारियों के विरूद्ध धारा 17-ए में भ्रष्टाचार के आरोपों की विस्तृत जॉच/अनुसंधान की पूर्वानुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदान की। सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 4 अधिकारियों को पेंशन रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसमें से 2 प्रकरणों में शत-प्रतिशत पेंशन रोके जाने का निर्णय किया गया।

इसी प्रकार सेवारत अधिकारियों के 5 प्रकरणों में 7 अधिकारियों के विरूद्ध विभिन्न आरोपों के प्रमाणित पाये जाने से संबंधित अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धियां रोके जाने के दण्ड से दण्डित किये जाने का निर्णय किया।

- 18 प्रकरणों का निस्तारण
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी स्वीकृति




नारायण सिंह सर्किल पर रोडवेज बस स्टैंड बंद कर ट्रांसपोर्ट नगर पर करनेसे यहां गाड़िया नहीं रुक रही हैं। त्रिमूर्ति सर्किल की रेड लाइट पर गाड़ी कुछ ज्यादा ही समय के लिए रुकती है। मंगलवार को लोग बसों में बैठने के लिये नारायण सिंह सर्किल से त्रिमूर्ति सर्किल तक भागते नजर आए।

# भजनलाल सरकार के 3 माह में 10 फीसदी एम.ओ.यू. उतरे धरातल पर : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़, मंत्री सुमित गोदारा, सुरेश सिंह रावत और भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने निदंनीय बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने जूली के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जूली विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता हैं और यह आपका संवैधानिक दायित्व है कि राज्य के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं। परंतु दुर्भाग्यवश, जूली अपनी जिम्मेदारियों से भटक कर केवल निराधार आरोप लगाने में व्यस्त हैं।

राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इन्वेस्ट समिट का आयोजन हुआ था। इसमें करीब साढ़े 12 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए थे, लेकिन वास्तविकता यह रही कि उनमें से सिर्फ 2 फीसदी ही धरातल पर उतर सके। जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के पहले ही वर्ष इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर 35 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए। इतना ही नहीं, भजनलाल शर्मा सरकार की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि मात्र 3 महीने के भीतर करीबन 10 प्रतिशत निवेश धरातल पर उतर चुका है। प्रत्येक एमओयू के क्रियान्वयन के किए अलग से सक्षम अधिकारी की नियुक्ति के साथ स्वयं मुख्यमंत्री स्तर पर 3 माह में एमओयू की निरंतर समीक्षा की जा रही है। राजस्थान के इतिहास में पहली बार है जब किसी सरकार के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 30 से अधिक देशों के 5000 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया। इसमें 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हुए।

# भाजपा में राष्ट्र प्रथम की भावना है : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को व्यापक रूप से मनाया जाएगा। प्रदेशभर में जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिल करके राष्ट्र भक्त नागरिकों से भाजपा के साथ जुड़ने, पार्टी को समर्थन देने की अपील करेंगे। राठौड़ ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि प्रत्येक राष्ट्र भक्त नागरिक 6 अप्रैल को अपने घरों पर भाजपा का झंडा फहराए, ताकि अराष्ट्रीय गतिविधियों में लिप्त लोगों को सही मार्ग पर लाया जा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो राष्ट्र को सशक्त बना सकती है, प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर को ऊंचा कर सकती है और सर्वोंगिण विकास की भावना के साथ कार्य करती है। भाजपा ही सर्वे भवंतु सुखिने की भाजपा के साथ कार्य करती है।

मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा की सोच नेशन फर्स्ट की है। राष्ट्र प्रथम की सोच वाली भाजपा में दल बाद में आता है, और स्वयं को अंत में माना जाता है। जबकि अन्य पार्टियों में पहले स्वयं की भावना के साथ कार्य किया जाता है।

# प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने अवैध वसूली के 45 हजार रुपये, डराने-धमकाने के लिए प्रयुक्त चाकू सहित एक स्कॉर्पियो कार भी जब्त की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि पिछले 15 वर्षों से लगातार प्राइवेट बसों से वसूली की जा रही थी। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- पुलिस ने अवैध वसूली के 45 हजार रुपये, डराने-धमकाने के लिए प्रयुक्त चाकू सहित एक स्कॉर्पियो कार भी जब्त की है
- पूछताछ में सामने आया है कि पिछले 15 वर्षों से लगातार प्राइवेट बसों से वसूली की जा रही थी

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि झोटवाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से प्राईवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के भगवान सिंह (37) निवासी मकराना जिला डीडवाना कुचामन हाल करधनी जयपुर, श्याम वीर सिंह (29) निवासी नीमकाथाना जिला सीकर, विक्रम सैन उर्फ विक्की उर्फ बोगी (40) निवासी हरमाड़ा जयपुर और दिलिप सिंह (54) निवासी रानोली जिला सीकर हाल हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैंग हर बस से सौ रुपए तक ले रही थी। पैसा नहीं देने पर गैंग के लोग जान से मारने की धमकी देते थे और चौमूं पुलिया और सामोद के बीच रास्ते में मौका मिलते ही बसों पर हमला कर पत्थर फेंक देते। फिर बस चालक और खलासी के साथ मारपीट करते। यह पूरा गिरोह शिफ्ट के अनुसार काम कर रहा था। हर शिफ्ट मे अलग-अलग लोग काम करते। वहीं जांच में सामने आया कि यह गैंग पिछले 15 साल से चल रहा था और हर महीने 10 लाख रुपए तक वसूल लेता था। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि झोटवाड़ा थाना इलाके में स्थित चौमू पुलिया पर प्राइवेट बसों से अवैध वसूली से संबंधित एक गोपनीय सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम की ओर से गोपनीय रूप से रैकी और जांच करवाई। इस दौरान पता चला कि गिरोह के सदस्य चौमू पुलिया पर रुकने वाली प्राइवेट बसों से पचास से सौ रुपये वसूलते हैं। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पैसे नहीं देने पर चौमू पुलिया से आगे सामोद के रास्ते में बस पर हमला कर देते हैं। यह गिरोह संगठित तौर पर कई सालों से काम कर रहा है। सभी प्राइवेट बस ड्राइवर और बस कंडक्टर इनसे घबराए हुए हैं। जांच में पुष्टि होने पर वसूली करने वाली गैंग को अलग-अलग जगहों से पकड़ा।



झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से प्राइवेट बसों से वसूली करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में होंगे विकास कार्य

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मंडी समितियों के मंडी यार्ड में विद्युत, मरम्मत, नवीन निर्माण कार्यों एवं संपर्क रोड के निर्माण के लिए 66 करोड़ रुपये से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से भादरा, टिब्बी, रावतसर, गोलूवाला, इटावा, जैतसर, सादुलशहर एवं श्रीकरणपुर कृषि उपज मंडियों में लगभग 12 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से विभिन्न यार्ड विकास के कार्य किए जाएंगे। कोटपूतली, सुमेरपुर, सूरतगढ़, कोटा, श्रीगंगानगर, नागौर और गोलूवाला मंडियों में लगभग 39 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से संपर्क सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा।



दूसरे दिन मंगलवार को बूढ़ी गणगौर की सवारी शाही लवाजमे के साथ परकोटे में निकली।

# राजस्थान हाउस में इटालियन नहीं, राजस्थानी स्थापत्य कला की झलक दिखे : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित प्रदेश की सड़क एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने निर्देश दिए है कि दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस में राजस्थानी स्थापत्य और कला की जीवन्त तस्वीर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में वहां सुस्त काम हुआ और इटालियन सामग्री ज़्यादा दिखाई दे रही थी।इसमें राजस्थानी सामग्री का अधिकतम उपयोग होना चाहिए, क्योंकि यह इटली का नहीं राजस्थान का हाउस है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के नाम से देश की राजधानी में बनने वाले भवन में राजस्थान की सभी महत्वपूर्ण कलाओं, राजस्थान की निर्माण सामग्रियों का उपयोग करके एक ऐसा भवन बनाया जा रहा है, जो देश और विदेश से आने वाले लोगों में प्रदेश की विरासत की अमिट छाप छोड़े।

- उपमुख्यमंत्री ने ली सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

उपमुख्यमंत्री मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित प्रदेश की सड़क एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने एनएचएआई की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए 200 फिट बाईपास सहित, जयपुर शहर की ट्रैफिक समस्या के समाधान हेतू कार्ययोजना बनाने एवं उसे तत्काल लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में चल रही विभिन्न रिंग रोड़ परियोजनाओं, ब्लैक स्पाट्स का निराकरण, दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे, अमृतसर-जामनगर इकोनोमिक कोरीडोर आदि की भी उन्होंने बिन्दुवार समीक्षा की।

उपमुख्यमंत्री ने सीआरआईएफ योजना, राजस्थान स्टेट हाईवे ऑथेरिटि, आरएसआरडीसी, पीएमजीएसवाई सहित विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि पीएमजीएसवाई चतुर्थ के तहत प्रदेश की 1630 बसावटों को पक्की सड़कों से जोड़ा जाना प्रस्तावित है, जिनके सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ राजस्थान स्टेट हाईवे ऑथेरिटि के स्वीकृत 19 कार्यो में से 15 पूर्ण किए जा चुके है तथा शेष 4 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण किया जाना सम्भावित है।